उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 15.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चरखारी उ0नि0 सनय कुमार द्वारा गठित की गई उ.नि. अनूप कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी रिवई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम रिवई के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.कल्याण सिंह पुत्र मूरत सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा 2.त्रिलोक सिंह पुत्र हाकिम सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम उरवारा थाना श्रीनगर जनपद महोबा 3.हलकुट्टी पुत्र लक्ष्मन कुशवाहा उम्र 42 वर्ष 4.रोहित सिंह पुत्र रूप सिंह उम्र 24 वर्ष 5.अमर सिंह पुत्र दद्दू पाल उम्र 30 वर्ष निवासीगण ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा को हिरासत में लिया। इस दौरान मालफड़ 1420 रू. सहित 52 अदद ताश पत्ते व जामातलाशी से 390 रू0 कुल 1810/- रूपये की बरामदगी की गई है। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 215/2024 धारा 13 G एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी रिवई, थाना चरखारी महोबा।
2. हे0 कां0 प्रदीप कुमार 3. कां0 शिवकुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.कल्याण सिंह पुत्र मूरत सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा
2.त्रिलोक सिंह पुत्र हाकिम सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम उरवारा थाना श्रीनगर महोबा
3.हलकुट्टी पुत्र लक्ष्मन कुशवाहा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा
4.रोहित सिंह पुत्र रूप सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा
5.अमर सिंह पुत्र दद्दू पाल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी-

मालफड़ 1420 रू. व 52 अदद ताश पत्ते , जामातलाशी 390 रू0 कुल 1810/- रूपया




## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में पुलिस थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

उ0प्र0 शासन की मंशानुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज-4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक बन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 16.09.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है।

महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ कस्बों/ प्रमुख बाजारों/ मन्दिर/ शापिंग मॉल/ बीट क्षेत्र/ ग्राम पंचायत/ वार्ड/ मोहल्लों/ स्कूल/ कालेज आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता की गयी, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावनी दी गयी, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक किया गया और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में बारावफात (ईद मिलाद उन नबी) के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ जुलूस मार्गों में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 16.09.2024 को जनपद महोबा में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सदर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी एवं प्र0नि0 कोतवाली श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह सहित भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में बारावफात (ईद मिलाद उन नबी) के दृष्टिगत जुलूस मार्गों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगातार भ्रमणशील रहे तथा ड्यूटीरत अधि0/कर्म0 गण को ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरते जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान ड्रोन कैमरे से चप्पे-चप्पे की निगरानी कर जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को परखते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं, साथ ही आमजनमानस से शान्ति एवं सौहार्द पूर्वक त्यौहार को मनाने की अपील करते हुए अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानाक्षेत्र में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में बारावफात (ईद मिलाद उन नबी) के दृष्टिगत जुलूस मार्गों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत फील्ड में आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया गया है, जिससे पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।





